# गारमेंट उद्योग के लिए गोरखपुर में बनेगी फ्लैटेड फैक्टरी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार गोरखपुर गारमेंट इंडस्ट्री का हब बनेगा। इसके लिए गीडा प्रशासन चार एकड़ भूमि उपलब्ध कराएगा। इस पर सरकार फ्लैटेड फैक्टरी बनाकर उद्यमियों को उपलब्ध कराएगी। इस संबंध में एमएसएमई अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल व गीडा के सीईओ संजीव रंजन में बात हो चुकी है।

## प्रमुख सचिव, एमएसएमई नवनीत सहगल ने दी जानकारी

बीती 13 व 14 जनवरी को गोरखपुर महोत्सव और खिचड़ी मेले के दौरान गोरखपुर में सहगल ने गारमेंट इंडस्ट्री से जुड़े लोगों से बात की थी। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर यह तय कर लें कि कौन क्या करना चाहता है। विस्तारीकरण की योजना के साथ यह भी बताएं कि इसके लिए कितनी जगह की जरूरत होगी। फ्लैटेड फैक्टरी में जगह मुहैया कराई जाएगी। मकर संक्रांति के दिन चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मिलकर इस बाबत अब तक की प्रगति के बारे में बताया था। सीएम ने कहा कि यह एक अवसर है। इसका आप लोग पूर्वांचल के हित में उपयोग कर लें। बता दें, पूर्वांचल में वस्त्र उद्योग की संपन्न परंपरा है। गोरखपुर, मऊ व खलीलाबाद के वस्त्र उद्योगों की अंतराष्ट्रीय पहचान रही है। ब्यूरो